फर्द अहकाम

(नियम-26)

अज अदालत अतिरिक्त कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

डालू पिता उंकार जी मेघवाल निवासी निम्बोदड़ा तहसील डूंगला वगैरा
बनाम
प्रतापी बेवा पूरा जी मेघवाल निवासी रावतपुरा, तहसील डूंगला वगैरा

प्रकरण संख्या 77/2022 (रा.अ.)

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
21.08.24	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलांट्स उपस्थित। रेस्पोडेन्ट संख्या 5 व 7 की तामील शेष है। रेस्पोडेन्ट संख्या 5 व 7 की तामील समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से कराने के आदेश पेशी दिनांक 05.07.2024 पर दिये जाकर समाचार पत्र में नोटिस का प्रकाशन कराने हेतु नोटिस तैयार कर अधिवक्ता अपीलांट्स को उपलब्ध कराये गये थे किन्तु अधिवक्ता अपीलांट्स ने आदिनांक तक रेस्पो. संख्या 5 व 7 की तामील हेतु नोटिस का प्रकाशन समाचार पत्र में कराकर समाचार पत्र की प्रति पेश नहीं की है। अर्थात् अधिवक्ता अपीलांट्स अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है तथा उनके द्वारा न्यायालय आदेश की पालना नहीं की गई है। अतः अब रेस्पो. सं. 5 व 7 की तामील के अभाव में प्रकरण आदेश 09 नियम 05 सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत खारिज किया जाता है। अधीनस्थ का अभिलेख पुनः लौटाया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।	